>

Title: Need to accord approval for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Betul Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बेतूल): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला बैतूल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण पिछड़ा हुआ है । क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्रीय सरकार की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एक वरदान साबित हुई है, किंतु विगत दो वर्षों से मेरे क्षेत्र को योजनांतर्गत मार्गों की नई स्वीकृति नहीं मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । बैतूल जिले के ग्यारहवें चरण में योजनांतर्गत 77 मार्गों के प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास स्वीकृति हेतु लंबित है । यदि इन 77 मार्गों की स्वीकृति प्रदान की जाती है तो बैतूल जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण अंचल का सतत् संपर्क तहसील जिला मुख्यालय एवं शहरी क्षेत्रों से हो सकेगा ।

ज्ञात हुआ है कि प्रदेश के कुछ जिलों को जैसे कि छिंदवाड़ा, शिवपुरी, राजगढ़, सागर, सिहोर आदि के मार्गों की ग्यारहवें चरण में सम्मिलित कर स्वीकृति प्रदान की गई है । इस प्रकार से बैतूल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में मार्गों के निर्माण की स्वीकृति दी जानी चाहिए ।

अतः उपरोक्त संबंध में आपसे अनुरोध है कि बैतूल जिले के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनांतर्गत ग्यारहवें चरण के लंबित 77 मार्गों की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें । जिससे 70 प्रतिशत से अधिक इस आदिवासी बहुल क्षेत्र को सड़कों से अच्छी तरह जोड़ा जा सके ।